# भारतीय संविधान एवं राजव्यवस्था
## (Indian Constitution & Polity)

### 3. संविधान के स्रोत

1. 'कानून के समान संरक्षण' वाक्य कहाँ से लिया गया है?
   (a) कनाडा
   (b) ऑस्ट्रेलिया
   **(c) अमेरिका**
   (d) ब्रिटेन
2. राष्ट्रपति द्वारा राज्यसभा के सदस्यों के नामंकन व नियम किस देश के संविधान से लिया गया था?
   (a) दक्षिण अफ्रीका
   (b) फ्रांस
   (c) संयुक्त राज्य अमेरिका
   **(d) आयरलैंड**
3. भारतीय संविधान में उल्लिखित स्वतंत्रता, समानता और बन्धुता की संकल्पना किससे प्रेरित है?
   (a) आयरिश के संविधान
   (b) ब्रिटिश के संविधान
   **(c) फ्रांस के संविधान**
   (d) अमेरिका के संविधान
4. 'विधि के समक्ष समता' लिया गया है –
   (a) अमेरिका के संविधान से
   **(b) इंग्लैंड के संविधान से**
   (c) जापान के संविधान से
   (d) आयरलैंड के संविधान से
5. भारतीय संविधान में मूल कर्तव्यों को शामिल करने का विचार किस देश के संविधान से लिया गया है?
   (a) फ्रांस
   **(b) पूर्व सोवियत संघ**
   (c) आयरलैंड
   (d) अमेरिका
6. संयुक्त राज्य अमेरिका के संवैधानिक आदर्शों पर भारतीय संविधान में कौन-कौन सी व्यवस्था शामिल की गई है?
   (a) मौलिक अधिकार
   (b) स्वतंत्र एवं निष्पक्ष सर्वोच्च न्यायालय और न्यायिक पुनर्विचार
   (c) संघीय शासन व्यवस्था
   **(d) ये सभी**
7. भारतीय संविधान में संघवाद किस देश से लिया गया है?
   (a) ऑस्ट्रेलिया
   **(b) कनाडा**
   (c) यू.एस.ए.
   (d) यू.ए.ई.
8. सर्वोच्च न्यायालय की व्यवस्था भारतीय संविधान में किस देश से ली गई है?
   (a) ब्रिटेन
   (b) जापान
   (c) दक्षिण अफ्रीका
   **(d) यू.एस.ए.**
9. भारतीय संविधान में मूल अधिकारों के स्थगन संबंधी कार्यपालिका के अधिकार स्रोत हैं –
   (a) आयरलैंड के संविधान का
   **(b) जर्मनी के वाडमर संविधान का**
   (c) अमेरिका संविधान का
   (d) उपर्युक्त किसी का नहीं
10. किस देश के संविधान से भारत की संघीय व्यवस्था प्रभावित नहीं है?
   **(a) दक्षिण अफ्रीका**
   (b) ऑस्ट्रेलिया
   (c) कनाडा
   (d) संयुक्त राज्य अमेरिका
11. निम्नलिखित में से कौनसा लक्षण भारतीय परिसंघ और अमेरिकी परिसंघ में समान रूप से पाया जाता है?
   (a) संविधान की तीन सूचियाँ
   (b) एक ही नागरिकता
   **(c) संविधान के निर्वाचन के लिए परिसंघीय उच्चतम न्यायालय**
   (d) न्यायपालिका की द्वैधता
12. संसदीय शासन प्रणाली सर्वप्रथम किस देश में विकसित हुई?
   (a) स्विट्जरलैंड
   **(b) ब्रिटेन**
   (c) बेल्जियम
   (d) फ्रांस
13. भारतीय संविधान में मूलभूत अधिकार किस संविधान से लिए गए थे?
   (a) यूनाइटेड किंगडम
   **(b) संयुक्त राज्य अमेरिका**
   (c) सोवियत संघ
   (d) इनमें से कोई नहीं
14. भारत के संविधान के निर्माताओं ने मौलिक अधिकारों की अवधारणा को उधार लिया था .......?
   (a) आयरलैंड के संविधान से
   (b) सोवियत संघ के संविधान से
   **(c) यू.एस.ए. के संविधान से**
   (d) कनाडा के संविधान से

15. हमारे संविधान में मूल अधिकार किस संविधान से प्रेरित हैं?
    (a) यूनाइटेड किंगडम
    (b) स्विट्ज़रलैंड
    (c) सोवियत संघ
    **(d) अमेरिका**
16. भारतीय संविधान के निर्माण में सर्वाधिक गम्भीर प्रभाव निम्नलिखित में से किसने छोड़ा है?
    **(a) भारत सरकार अधिनियम, 1935**
    (b) ब्रिटिश संविधान
    (c) अमेरिका का संविधान
    (d) आयरलैंड का संविधान
17. भारतीय संविधान में मौलिक अधिकारों का उल्लेख करते हुए निम्नलिखित में से किस देश का अनुसरण किया गया है?
    (a) ऑस्ट्रेलिया
    (b) ब्रिटेन
    (c) स्विट्ज़रलैंड
    **(d) अमेरिका**
18. भारतीय संविधान की कौनसी विशेष व्यवस्था इंग्लैण्ड से ली गई है?
    (a) सर्वोच्च न्यायपालिका
    **(b) संसदीय प्रणाली**
    (c) संघीय प्रणाली
    (d) मूल अधिकार
19. भारतीय संविधान का सबसे बड़ा एकाकी स्रोत है –
    (a) अमेरिका का बिल ऑफ राइट्स
    (b) ब्रिटिश का शासन
    **(c) गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एक्ट, 1935**
    (d) गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एक्ट, 1919
20. भारतीय संविधान में राज्य के नीति-निर्देशक तत्वों की संकल्पना किस देश के संविधान पर आधारित है?
    (a) जापान
    (b) फ्रांस
    (c) पूर्व सोवियत संघ
    **(d) आयरलैंड**
21. राज्य के नीति-निर्देशक तत्व किस देश के संविधान के आधार पर निर्मित किए गए हैं?
    (a) पूर्व सोवियत संघ
    **(b) आयरलैंड**
    (c) अमेरिका
    (d) ब्रिटेन
22. भारतीय संविधान में सम्मिलित नीति निर्देशक तत्वों की प्रेरणा हमें किस संविधान से प्राप्त हुई है?
    (a) फ्रांस
    **(b) आयरलैंड**
    (c) ऑस्ट्रेलिया
    (d) अमेरिका
23. सुमेलित कीजिए –

| सूची-I (भारत के संविधान के लक्षण | सूची-II (प्रतिमा लक्षण) |
|---|---|
| (i) मूल अधिकार | 1. इंग्लैण्ड |
| (ii) शासन की संसदीय प्रणाली | 2. सं. रा. अमेरिका |
| (iii) आपात उपबंध | 3. आयरलैंड |
| (iv) राज्य के नीति निर्देशक तत्व | 4. जर्मनी |
| | 5. कनाडा |

| | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| **(b)** | **2** | **1** | **4** | **3** |
| (c) | 5 | 1 | 3 | 4 |
| (d) | 2 | 4 | 5 | 1 |

24. भारतीय संविधान में समवर्ती सूची किसके संविधान से ली गई है?
    (a) जर्मनी
    **(b) ऑस्ट्रेलिया**
    (c) अमेरिका
    (d) कनाडा
25. भारत के राष्ट्रपति की आपातकालीन शक्तियाँ निम्नलिखित में से किस देश की देन है?
    (a) ऑस्ट्रेलिया के संविधान की
    (b) अमेरिका के संविधान की
    (c) कनाडा के संविधान की
    **(d) जर्मनी के वीमर संविधान की**
26. संविधान निर्माताओं ने कौनसा लक्षण अमेरिका के संविधान से ग्रहण किया है?
    (a) सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों को पद से हटाने की विधि
    (b) न्यायिक समीक्षा
    (c) मौलिक अधिकार
    **(d) ये सभी**
27. भारतीय संविधान का कौनसा लक्षण आयरिश संविधान से अनुप्रेरित है?
    (a) राज्यसभा में सदस्यों का मनोनयन
    **(b) नीति निर्देशक सिद्धांत**
    (c) मौलिक कर्तव्य
    (d) राष्ट्रपति के निर्वाचन की प्रक्रिया
28. भारत की संघीय व्यवस्था किस देश की संघीय व्यवस्था से अधिक समानता रखती है?
    **(a) कनाडा**
    (b) आयरलैंड
    (c) ऑस्ट्रेलिया
    (d) अमेरिका

29. भारतीय संविधान के अंतर्गत संघ और राज्यों के बीच शक्तियों का विभाजन किसकी प्रेरणा पर आधारित है?
   (a) स्विट्जरलैंड
   (b) पूर्व सोवियत संघ
   (c) अमेरिका
   **(d) कनाडा**

30. भारत में सरकार की संसदीय प्रणाली कहाँ से ग्रहण की गई है?
   (a) रूसी संविधान
   (b) स्विस संविधान
   (c) अमेरिकी संविधान
   **(d) ब्रिटिश संविधान**